# जनसहयोग से खरीदी 8 लाख की पशु एंबुलेंस

- इंसानियत युवा मंडल समिति की अनूठी पहल
- अब घायल और असहाय पशुओं को मिलेगा त्वरित उपचार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** मानवता और पशु सेवा के क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत इंसानियत युवा मंडल समिति ने जनसहयोग और अपने स्वयं के प्रयासों से करीब 8 लाख रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक पशु एंबुलेंस खरीदकर सेवा का नया अध्याय शुरू किया है। बिना शासन या प्रशासन से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता लिए खरीदी गई यह एंबुलेंस अब जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में घायल, बीमार और असहाय पशुओं के त्वरित रेस्क्यू एवं उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

समिति के अध्यक्ष अनंत इंसानियत ने बताया कि वर्ष 2012 से संस्था लगातार मानवता और पशु सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। रेस्क्यू अभियान के दौरान सबसे बड़ी समस्या घायल पशुओं को सुरक्षित तरीके से अस्पताल या उपचार स्थल तक पहुंचाने की थी। कई बार संसाधनों के अभाव में समय पर सहायता नहीं मिल पाती थी, जिससे पशुओं की स्थिति और गंभीर हो जाती थी उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों ने वर्षों तक अपनी मेहनत की कमाई से राशि एकत्रित की। इस अभियान में कई समाजसेवियों और सहयोगियों ने भी आर्थिक सहयोग दिया, जिन्होंने अपना नाम सार्वजनिक नहीं करने का आग्रह किया। इसी जनसहयोग और सेवा भावना के परिणामस्वरूप पशु एंबुलेंस खरीदने का सपना साकार हो सका।




### कलेक्टर ने किया लोकार्पण

पशु एंबुलेंस के लोकार्पण समारोह में भिंड कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय दीपक तोमर, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद भदौरिया, समाजसेवी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बेजुबानों की सेवा ही हमारा संकल्प

समिति अध्यक्ष अनंत इंसानियत ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल पशुओं का उपचार करना नहीं, बल्कि हर उस बेजुबान तक समय पर सहायता पहुंचाना है जो दर्द और असहायता की स्थिति में है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पशु एंबुलेंस हजारों घायल एवं बीमार पशुओं के लिए नई जिंदगी की उम्मीद साबित होगी और जिले में पशु कल्याण सेवाओं को नई दिशा देगी

### 20 हजार से अधिक पक्षियों और हजारों पशुओं को मिला नया जीवन

समिति के अनुसार अब तक संस्था द्वारा करीब 4,500 कुत्तों, 700 वानरों तथा लगभग 20,000 पक्षियों का सफल उपचार कर उन्हें पुन: प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जा चुका है। नई पशु एंबुलेंस के संचालन से अब रेस्क्यू कार्य अधिक तेज, सुरक्षित और प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

# चंबल के सपूत ने विश्व पटल पर लहराया तिरंगा

- योगा वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर लौटे एसआई भदौरिया का हुआ भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** जिले के अटेर क्षेत्र के ग्राम कोषड़ निवासी एवं सीआरपीएफ के एसआई मुकेश सिंह भदौरिया ने योगा वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का परचम विश्व मंच पर लहराया है।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार गृह आगमन पर मुकेश सिंह भदौरिया का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत यात्रा की शुरुआत ग्वालियर स्थित गोला का मंदिर परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद उनका काफिला शताब्दीपुरम स्थित निवास पहुंचा, जहां भारत माता की जय और जय जवान-जय किसान के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

घर पहुंचने पर उनकी माता सावित्री देवी ने पुत्र की आरती उतारकर विजय का स्वागत किया और बलैया ली। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों एवं




स्थानीय नागरिकों ने मुकेश सिंह भदौरिया का फूल-मालाओं से सम्मान करते हुए उनकी उपलब्धि को पूरे चंबल अंचल के लिए गौरव का विषय बताया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सिद्ध करती है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर भी विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन किया जा सकता है।

कार्यक्रम में पार्षद बृजेश श्रीवास, सर्वेश सिंह, उर्मिला सिंह, संतोष सिंह, ओमप्रकाश राजावत, सूरज सिंह, अंकित, हरवीर सिंह, मुनेश्वर सिंह, विनोद सिंह, सत्यम भदौरिया, उदय प्रताप सिंह, शिवम भदौरिया सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, समाजसेवी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम श्रीवास ने किया।

उल्लेखनीय है कि स्वर्ण पदक विजेता मुकेश सिंह भदौरिया विद्यालयीन शिक्षक संघ के सक्रिय साथी उमेश भदौरिया के लघु भ्राता हैं।

# कलेक्टर एवं एसपी ने लहार में कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

- 12 जुलाई को लहार आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**लहार/भिण्ड, 10 जुलाई।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित 12 जुलाई के लहार दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को भिंड कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा सहित जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी लहार पहुंचे और मुख्यमंत्री के आगमन से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने सबसे पहले मुख्यमंत्री के आगमन के लिए प्रस्तावित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने भाटन ताल स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचकर मंच व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, यातायात, पेयजल, विद्युत, बैरिकेडिंग, वीआईपी एवं आमजन के बैठने की व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर एवं सुचारु रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक इंतजामों की समीक्षा की। साथ ही संभावित यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर लहार विधायक अंबरीश शर्मा (गुड्डू) भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए स्थानीय व्यवस्थाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



### मुख्यमंत्री के दौरे से पहले प्रशासन अलर्ट, देर रात तक मैदान में डटे रहे अपर कलेक्टर और एसडीएम

लहार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 12 जुलाई के प्रस्तावित लहार दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शुक्रवार देर रात अपर कलेक्टर राजन बी. नाडिया और लहार एसडीएम महेंद्र सौजन्या ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया लगातार हो रही बारिश के चलते कार्यक्रम स्थल के ग्राउंड में जलभराव की स्थिति बनने पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एसडीएम महेंद्र सौजन्या ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और जल निकासी सहित अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारी देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहकर प्रत्येक व्यवस्था की निगरानी करते रहे ।

# उद्योगपतियों ने नगर परिषद सीएमओ को सौंपा पत्र

- 'डबल टैक्स' को बताया गलत, कंपनियों के प्रबंधक रहे मौजूद




**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 10 जुलाई।** मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा कारखानों को भेजे गए कर वसूली नोटिस के खिलाफ उद्योगपतियों ने विरोध तेज कर दिया है। मालनपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने 08.07.2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रेहान अली जैदी नगर परिषद मालनपुर को पत्र लिखकर जून-जुलाई 2026 में जारी की गई सूचनाओं को अवैध बताया और मांग पत्र के प्रभाव को तुरंत स्थगित करने की मांग की है ज्ञापन सौंपने के दौरान कंपनियों के प्रबंधक मौजूद रहे। एसोसिएशन के बैनर तले जिन कंपनियों ने पत्र पर हस्ताक्षर कर आपत्ति दर्ज कराई उनमें शामिल हैं: सूर्या रोशनी लिमिटेड, विक्रम वूलेंस, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, एसआरएफ लिमिटेड, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मॉन्डेलेज इंडिया फूड्स प्रा. लि., जमना ऑटो इंड. लि., टेवा एपीआई लिमिटेड, स्टर्लिंग एग्रो इंड. लि., सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लि., मॉन्टेज एंटरप्राइजेज प्रा. लि., एक्जोनोबेल इंड. लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू दुलक्स लिमिटेड।

एसोसिएशन ने पत्र में कहा है कि नगर परिषद द्वारा मालनपुर एवं घिरोंगी औद्योगिक क्षेत्र के कारखानों से संपत्तिकर, समेकित कर, विकास उपकर, शिक्षा उपकर, गार्बेज शुल्क एवं सरचार्ज की मांग की गई है।

**उद्योगपतियों का तर्क है** कि मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र मध्य प्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम यानी एमपीआईडीसी द्वारा विकसित है। एमपीआईडीसी एक्ट 2013 के तहत निगम ही इस क्षेत्र में सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाइट, पानी, सुरक्षा, उद्यान, पार्क और अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराता है और इसके बदले उद्योगों से पट्टा किराया और रखरखाव शुल्क लेता है।

ऐसे में नगर परिषद द्वारा उन्हीं मदों पर दोबारा कर की मांग करना 'एक ही कार्य के लिए दो विभागों द्वारा दोहरी वसूली' है जो मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की मंशा के विपरीत है।

साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उद्योगपति न्यायालयीन कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे।

उद्योगपतियों का कहना है कि पहले से ही अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण उत्पादन लागत कम रखना चुनौती है। इस समय 'डबल टैक्स' का बोझ डालने से न सिर्फ मौजूदा उद्योग प्रभावित होंगे बल्कि मालनपुर में नए निवेश भी रुक जाएंगे।

### मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र दी सलाह

**ग्वालियर।** भारत मौसम विभाग द्वारा वर्तमान खरीफ मौसम में सामान्य से 6 से 10 प्रतिशत कम वर्षा तथा वर्षा के बीच लंबे ड्राई स्पेल (बारिश का अंतराल) की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन, कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों से पर्याप्त नमी होने पर ही खरीफ फसलों की बुवाई करने तथा अधिक पानी वाली फसलों के बजाय कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्राथमिकता देने की अपील की है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मौसम की स्थिति और कृषि गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को समय-समय पर किसानों के लिए वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसानों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह या अप्रमाणित जानकारी के आधार पर निर्णय न लें और केवल कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र तथा मौसम विभाग की आधिकारिक सलाह का ही पालन करें।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा ने तेज की तैयारियां

- रावतपुरा धाम में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 12 जुलाई को प्रस्तावित लहार आगमन एवं जनसभा की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रावतपुरा धाम में लहार विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, जिला संगठन प्रभारी हमीर सिंह पटेल



तथा लहार विधायक अमरीश शर्मा (गुड्डू) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लहार विधानसभा के भाटनताल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना की 38वीं किस्त का अंतरण करेंगे। उन्होंने जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सर्वसमाज की महिलाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करें। जिला संगठन प्रभारी हमीर सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा लहार विधानसभा के विकास को नई गति देगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह भदौरिया, उपेन्द्र राजौरिया, जिला मंत्री सुरेश छरी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष हृदय सिंह कुशवाह, रामकुमार कौरव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राव साहब गुर्जर, अंजनी कुरचेनिया, रामकुमार गौरव, मंडल अध्यक्ष सुभाष आनिगोत्री, दीपक सिंह राजावत, अशोक सिंह गुर्जर, चंद्रशेखर शर्मा, अनूप त्यागी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मेहगांव में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का ज्ञापन

- सुचारू विद्युत व्यवस्था की उठाई मांग

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 10 जुलाई।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और विद्युत व्यवस्था की बदहाली को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मेहगांव ने आज बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की।

कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि बिजली विभाग तत्काल अघोषित कटौती पर



रोक लगाए और नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी मांग की कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मेहगांव के अध्यक्ष देवेंद्र निगम ने कहा कि मेहगांव क्षेत्र में लगी विद्युत केबलें निम्न गुणवत्ता की हैं, जो आए दिन टूट जाती हैं और इससे बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि डेयरी फीडर पर सबसे अधिक बिजली कटौती हो रही है। साथ ही कन्हारी क्षेत्र में बने चौथे फीडर को शीघ्र चालू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे बिजली आपूर्ति का भार कम होगा और बार-बार होने वाली कटौती पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। ज्ञापन कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह राजावत (कल्लू भारोली), जगदीश शर्मा,डॉ. सुल्तान सिंह नरवरिया, रामहरि शर्मा (एडवोकेट), बबलू त्यागी, राजवीर बघेल, महेंद्र सिंह नरवरिया, प्रदीप मुद्गल, इलियास खान (एडवोकेट), संजू जैन, रणवीर सिंह परिहार, मनीष शिवहरे, बदन सिंह राठौर, रामजीलाल रामा, पंचम सिंह सरपंच, अशोक सिंह अर्गल, महेश बंसल, भास्कर पुरोहित, बचराम पवैया, ओमप्रकाश बरैया, शिवम आजाद, कुंदन सिंह चौरसिया, शिव सिंह पाठक, प्रेम सिंह जाटव (पूर्व नपा अध्यक्ष, गोरमी) सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाकर किया प्रदर्शन

- मांगें पूरी नहीं होने पर 10 अगस्त को 'जेल भरो आंदोलन' की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका एकता यूनियन (सीटू) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को भिंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने काला दिवस मनाते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद



प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम 25 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय को सौंपा गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के वर्ष 2018 से लंबित मानदेय वृद्धि के मुद्दे का अब तक समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि कार्यकर्ताओं का न्यूनतम मासिक मानदेय 26 हजार रुपए किया जाए तथा सेवानिवृत्ति के बाद 5 लाख रुपए ग्रेच्युटी का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ग्रेच्युटी भुगतान को लेकर दिए गए आदेश को शीघ्र लागू किया जाना चाहिए।

यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा ज्ञापन में शामिल मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तथा मानदेय के एरियर का भुगतान नहीं किया गया, तो 10 अगस्त को प्रदेशव्यापी जेल भरो आंदोलन आयोजित किया जाएगा।

प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन की जिला अध्यक्ष साधना भदौरिया, जिला महासचिव सीमा जाटव, जिला कोषाध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव, सीटू जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। प्रदर्शन में जिले की विभिन्न परियोजनाओं से आईं 200 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शामिल हुईं।

# सीएचसी को मिला कूलर, मरीजों को गर्मी से मिलेगी राहत



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** सामाजिक सरोकार और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए वार्ड क्रमांक-12 के पार्षद एवं एडवोकेट बृजेश सिंह यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोहद को एक कूलर भेंट किया। यह कूलर स्वर्गीय रामप्रसाद यादव (दाऊ) की पुण्य स्मृति में अस्पताल को समर्पित किया गया। गर्मी के मौसम में अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों, उनके परिजनों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को इससे काफी राहत मिलेगी। अस्पताल परिसर में अब प्रतीक्षारत मरीजों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अस्पताल प्रबंधन ने इस जनहितैषी पहल के लिए पार्षद बृजेश सिंह यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार संभव हो रहा है। ऐसे सहयोग से मरीजों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों एवं अस्पताल स्टाफ ने भी यादव के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय रामप्रसाद यादव (दाऊ) की स्मृति में किया गया यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# मिड-डे मील की गुणवत्ता जांचने स्कूलों पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 10 जुलाई।** जिले के स्कूली बच्चों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर भिण्ड के निर्देशानुसार शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण सेंगर एवं फूड केमिस्ट आरती शिवहरे ने शहर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय आदर्श महावीर गंज तथा शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर का निरीक्षण कर मिड-डे मील व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों की रसोई की स्वच्छता, भोजन बनाने की प्रक्रिया तथा उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का परीक्षण किया। आदर्श महावीर गंज विद्यालय में माँ अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह एवं सुभाष नगर विद्यालय में जागृति स्व-सहायता समूह द्वारा मध्याह्न भोजन तैयार किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रसोई में कार्यरत महिलाओं को विशेष रूप से निर्देशित किया कि भोजन को ढकने या रखने के लिए किसी भी स्थिति में अखबार का उपयोग न करें, क्योंकि अखबार की स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है और इससे खाद्य पदार्थ दूषित हो सकते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण सेंगर ने बताया कि विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिड-डे मील की गुणवत्ता की नियमित निगरानी की जा रही है।

### परीक्षाओं की तैयारी कराने अतिथि विद्वानों का पैनल बनेगा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में राज्य शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अतिथि व्याख्याताओं (अतिथि विद्वानों) का पैनल तैयार किया जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# 12 को रावतपुरा धाम में मुख्यमंत्री कर सकते हैं बड़ी घोषणा

- ब्रज क्षेत्र-गौ-हद धाम अभियान को लेकर बढ़ीं उम्मीदें

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 10 जुलाई।** चंबल अंचल और विशेष रूप से भिंड जिले के लिए 12 जुलाई एक महत्वपूर्ण दिन साबित हो सकता है। रावतपुरा धाम में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्सुकता का वातावरण है। इसी बीच अमरीश गुड्डू भैया से हुई प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण मुलाकात के बाद क्षेत्र में नई



उम्मीद जगी है। प्रतिनिधिमंडल ने ब्रज क्षेत्र-गौ-हद धाम, गोहद की प्राचीन धार्मिक विरासत, देवस्थानी संपत्तियों, ऐतिहासिक मंदिरों तथा धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं से संबंधित विषय विस्तार से रखे। इस दौरान अमरीश गुड्डू भैया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भिंड जिले की जनभावनाओं और विकास से जुड़े विषयों को पूरी गंभीरता से रखा जाएगा।

### गौ-हद धाम अभियान को मिल रहा लगातार समर्थन

पिछले कुछ सप्ताहों में इस अभियान को संत समाज, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों का निरंतर समर्थन मिला है। खनेता धाम एवं दंदरौआ धाम के संतों ने भी गोहद की प्राचीन धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। इसके बाद गोहद विधायक श्री केशव देसाई, सांसद श्रीमती संध्या राय और उपनेता प्रतिपक्ष श्री हेमंत कटारे को भी विस्तृत प्रतिवेदन सौंपे जा चुके हैं।